## कृषि आधारित उद्योगों को मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी : मुख्यमंत्री

### 80 करोड़ रुपये से अधिक के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

**शहडोल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उनका और राज्य सरकार का गाडरवारा के नागरिकों के साथ विकास और विश्वास का रिश्ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गाडरवाा में गौशाला निर्माण किए जाने और प्रदेशवासियों को सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में 80 करो? रूपये से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। विश्व में देश का मान-सम्मान बड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के सेवा एवं सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। विकास की नई उपलब्धियां सभी के सामने हैं। उनके कार्यकाल में तीन तलाक का कानून पास हुआ, जिसके क्रियान्वयन में कहीं भी कोई विरोध नहीं हुआ।

धारा 370 हटाने पर देश के अंदर एक आनंद का माहौल रहा। पहलगांव की घटना में पूरा देश एकजुट हुआ और पाकिस्तान को मुंहतो? जवाब दिया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर देश में सनातन संस्कृति को नई ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत कर उन्हें पुस्तकें प्रदान की। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को बेहतर शिक्षा देने का प्रबंध किया जा रहा है, ताकि बच्चे देश के लोकतंत्र, सभ्यता व संस्कृति को जान सकें और अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने को साकार कर सकें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में भी प्रदेश सरकार कई कल्याणकारी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लाडली बहना की राशि 5 साल में तीन हजार रुपये कर दी जायेगी। पहले साल में एक बार रक्षाबंधन का त्यौहार आता था, लेकिन अब लाडली बहना योजना की राशि आने से हर महीने बहनों के लिए त्यौहार जैसा माहौल रहता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परिसीमन के बाद लोकसभा व विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट के माध्यम से 80 करो? 46 लाख 30 हजार रुपये के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने 56 करोड़ 58 लाख 6 हजार रुपये के 67 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 23 करोड़ 88 लाख 24 हजार रुपये के 68 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के कार्यों में कोई कोर कसर नहीं रखी जायेगी। जिले के विकास के लिए मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा जो प्रस्ताव दिए गए हैं, उन्हें पूर्ण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वृहद स्तर पर सोलर पॉवर कनेक्शन प्रदाय किए जाएंगे, जिससे किसानों को बिजली की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत शीघ्र ही पूरे प्रदेश में 卐मुख्यमंत्री सुगम बस योजना卐 प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन निगम पुनः पूरे प्रदेश में बसों का संचालन करेगा। उन्होंने कहा कि सांईखेड़ा में 132 केवी का विद्युत सबस्टेशन बनेगा। उन्होंने 60 करोड़ रुपये की लागत से चीचली- सालीचौका 20 किमी सड़क बनाने की घोषणा की और 27 करोड़ रुपये की लागत से अर्जुनगांव से गाडरवारा 17.50 किमी की सड़क बनाने की घोषणा की।

## 19 जून को बड़वानी आएंगी राष्ट्रपति

### सिकल सेल दिवस पर होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

**शहडोल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047 के अंतर्गत विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को बड़वानी में ग्राम पंचायत तलून के खेल स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि रहेंगी। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित अन्य मंत्रीगण शामिल होंगे।

इस अवसर पर कई नवाचारों का शुभारंभ किया जाएगा। इनमें जेनेटिक काउंसलिंग जागरूकता वीडियो और प्रभावित गर्भवती महिलाओं के लिए व्यापक दिशा निर्देश मॉड्यूल शामिल हैं। लक्षित आयु वर्ग की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग पूर्ण करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम दिवस में प्रदेश में सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता लाने की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। सिकल सेल प्रभावित 33 जिलों में विशेष परामर्श शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहाँ उन्हें आनुवंशिक परामर्श, रोग प्रबंधन, भावी पीढ़ी के लिए संभावनाओं और आवश्यक चिकित्सकीय सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। उप-केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष शिविर लगाकर रोगियों की पहचान, स्क्रीनिंग तथा परिवार के अन्य सदस्यों की भी जांच की जायेगी।

सिकल सेल रोगियों और उनके देखभाल कर्ताओं को पेन क्राइसिस जैसी तीव्र स्थितियों में प्रबंधन के तरीकों से अवगत कराया जाएगा। जिले की विशेष रूप से प्रभावित जनजातीय एवं ग्रामीण पंचायतों में स्क्रीनिंग और परामर्श के लिए अभियान चलाया जाएगा।

राज्य स्तर पर विकसित जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का वितरण किया जाएगा, जिससे लोगों को आनुवंशिक जानकारी समझने में सुविधा होगी। विकलांगता योजनाओं और वित्तीय सहायता से सिकल-सेल रोगियों को जोड़ने की प्रक्रिया सरल करने के लिए यूडीआईडी कार्ड निर्माण के लिए मेगा शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा।

### सार-समाचार

#### राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**शहडोल, देशबन्धु।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन राजभवन के वैंक्वेट हॉल में किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने धरती आबा बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। भगवान बिरसा मुंडा को राजभवन के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव सहित राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश

##### कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई




**शहडोल, देशबन्धु।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में मो. इस्लाम खान अतिथि शिक्षक वर्ग 01 निवासी ग्राम चंदनिया तहसील पाली जिला उमरिया ने मानदेय भुगतान कराने बावत, ज्योति लारिया सेवा निवृत्त प्रिंसिपल शा.कन्या उ.मा. विद्यालय अनूपपुर, जिला अनूपपुर ने पेंशन प्रकरण को 10 माह तक लंबित रखने के खिलाफ कार्यवाही करने बावत आवेदन कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता को दिए। जिस पर कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जिस पर कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### जल जीवन मिशन में ग्वालियर, भिंड, नर्मदापुरम और शहडोल जिले एफएचटीसी उपलब्ध कराने में अग्रणी

**शहडोल, देशबन्धु।** प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पीएचई विभाग द्वारा सतत एवं मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में 8 जून 2025 को प्रदेश के पाँच जिलों—मुरैना, ग्वालियर, भिंड, नर्मदापुरम और शहडोल—ने फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन प्रदान करने की दिशा में राज्य स्तरीय प्रदर्शन में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

इन जिलों ने जल जीवन मिशन के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप हर-घर जल कनेक्शन उपलब्ध कराने में उल्लेखनीय कार्य करते हुए प्रदेश स्तर पर मिशन के उद्देश्यों को गति प्रदान की है। इंडेक्स आधारित मानिटरिंग के अनुसार, इन जिलों द्वारा 8 जून को सबसे अधिक एफएचटीसी दर्ज किए गए, जो ग्रामीण पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेतक है। प्रदेश में मिशन की सफलता का आधार जमीनी स्तर पर की जा रही सुव्यवस्थित योजना, क्रियान्वयन की सघनता, तथा विभागीय कर्मचारियों और जिला प्रशासन के समन्वयपूर्ण प्रयास हैं। मुरैना, ग्वालियर, भिंड, नर्मदापुरम और शहडोल जिलों की पीएचई टीमों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिये अभियानात्मक गति से कार्य करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है।

इन जिलों की प्रगति यह भी दर्शाती है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों और सामुदायिक सहभागिता के साथ समन्वय से जल जीवन मिशन की प्रभावशीलता बढ़ी है। तकनीकी अमले द्वारा गुणवत्तापूर्ण नल कनेक्शन प्रदान करने, जल स्त्रोतों की नियमित निगरानी करने तथा जल गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करने जैसे आयामों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## उमरिया में सड़क किनारे से अस्थायी दुकानें हटेंगी

### व्यापारियों को सब्जी मंडी शिफ्ट करने का आदेश



**उमरिया, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय में सड़कों पर अव्यवस्थित रूप से लगी सब्जी दुकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने सोमवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

अस्थायी दुकानें गांधी चौक से रणविजय चौक, काली माता मंदिर के पास, जय स्टैंड, मंडी रोड के पास लगती हैं। व्यापारी लंबे समय से इन स्थानों पर दुकानें लगा रहे हैं। वे यहां से कहीं और नहीं जाना चाहते हैं।

कलेक्टर ने कल मंगलवार से दुकानदारों को निर्धारित स्थान पर दुकान लगाने के लिए समझाने को कहा है।

प्रशासन का कहना है कि सड़कों पर दुकानें लगने से यातायात बाधित होता है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है।

एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज को भी क्षेत्र का भ्रमण कर दुकानें हटवाने के आदेश दिए गए हैं। जिला मुख्यालय में सब्जी मंडी होने के बावजूद विक्रेता चौराहों और सड़क किनारे मनमाने ढंग से दुकानें लगा रहे हैं। इस वजह से आसपास के क्षेत्र में अव्यवस्था फैल रही है।



## कलेक्टर ने सुनीं जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं

**शहडोल, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में ग्राम सिंहपुर निवासी अमरेन्द्र तिवारी ने सिंहपुर में संचालित कांजी हाउस एवं गौ तस्करी के संबंध में जांच कराने हेतु, वार्ड नं. 16/12 घरौला मोहल्ला निवासी सावित्री साहू ने मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि प्राप्त करने बावत, सोहागपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कल्याणपुर निवासी देव रजक ने अपना नाम राशन कार्ड में जुड़वाने बावत, अमराडण्डी निवासी विकास पाल ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना में नाम जुड़वाने हेतु आवेदन कलेक्टर डॉ केदार सिंह को दिए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इस प्रकार जनसुनवाई में कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## उमरिया में कार-बाइक की टक्कर, हार्डवेयर स्टोर कर्मचारी की मौत

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ। नेशनल हाईवे पर कमला नर्सिंग होम के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान बड़ागांव निवासी 30 वर्षीय पूरन लाल बैगा के रूप में हुई।


रविवार की रात पूरन हार्डवेयर की दुकान से काम कर घर लौट रहे थे। इस दौरान कार (एमपी 18 जेड डी 1434) ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। सोमवार को पूरन के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। कार चालक घटना के बाद गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी पाली मदनलाल मरावी के मुताबिक कार चालक की तलाश जारी है।




## बांधवगढ़ में 12 हाथियों को मिला यूनिक आईडी नंबर

**उमरिया, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों की पहचान के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन अब हाथियों की विशेष आईडी बना रहा है। इससे हाथियों की सटीक संख्या और उनके झुंड की

### सिर-कान-पूंछ की फोटो से होगी पहचान, ई-1 से शुरू हुई नंबरिंग



जानकारी मिल सकेगी। रिजर्व के नौ परिक्षेत्रों की 139 बीटों में हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

हाथी विशेषज्ञ मौके पर जाकर हाथियों के सिर, कान, पूंछ और पीठ की तस्वीरें लेते हैं। इन तस्वीरों के आधार पर आईडी बनाई जाती है। हाथियों को ई-1 से शुरू होने वाले नंबर दिए जा रहे हैं।

विशेषज्ञ जंगल में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) की अनुमति से जा रहे है। इस नई व्यवस्था से हाथियों की निगरानी और पहचान आसान हो जाएगी। साथ ही उनके मूवमेंट की जानकारी भी प्रबंधन के पास रहेगी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 2018 के बाद से जंगली हाथियों की मूवमेंट बढ़ी है। लगातार टाइगर रिजर्व और टाइगर रिजर्व से जुड़े हुए क्षेत्र में जंगली हाथी पहुंचते हैं।

जंगली हाथियों को नई पहचान देना भी एक चुनौती है।जंगली हाथियों की मूवमेंट की निगरानी करने के साथ उसे क्षेत्र में पहुंचकर सावधानी के साथ हाथियों की फोटो लेकर उसे मिलान करने के बाद हाथियों की आईडी बनाई जाती है।क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय के अनुसार, अब तक 12 हाथियों की आईडी बन चुकी है। 8 अन्य हाथियों की एक तरफ से फोटो ली गई है। टाइगर रिजर्व की टीम सुरक्षा का विशेष ध्यान रखती है।वे सुनिश्चित करते हैं कि फोटो लेते समय जंगली हाथी टीम को नुकसान न पहुंचाएं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में लगभग 60 से 80 हाथी है। सभी की आईडी बनाई जाएगी।

## चार पशु तस्कर गिरफ्तार, 16 पशु मुक्त

### चार पिकअप वाहन भी जब्त

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया की नौरोजाबाद पुलिस ने रेलवे फाटक पथरी के पास चार पशु तस्करों को पकड़ा है। इनसे 16 गोवंश और चार पिकअप वाहन जब्त किए गए हैं।



थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा के अनुसार, पकड़े गए आरोपी अनूपपुर जिले के हैं। इनमें राहुल केवट, राहुल पनिका, पवन यादव और मुकेश यादव शामिल हैं। जब्त किए गए वाहनों के नंबर एमपी 65 जीए 2342, एमपी 65 जीपी 4340, एमपी 65 जीए 2292 और सीजी 04 क्यूटी 5049 हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मवेशियों को कोतमा ले जा रहे थे। उनका कहना था कि इन मवेशियों का उपयोग किसानों के काम के लिए किया जाना था। हालांकि, आरोपी मवेशियों की ढुलाई से जुड़े कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 (1)(घ) के तहत केस दर्ज किया है। जब्त की गई संपत्ति की कीमत करीब 24 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस यह जांच कर रही है कि कहीं यह मामला अवैध पशु व्यापार या तस्करी से जुड़ा तो नहीं है।

## शहडोल संभाग में सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों ने किया मंथन

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**शहडोल, देशबन्धु।** कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय के सभागार में संभाग स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए पुलिस एवं जिला प्रषासन समन्वय बनाकर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चत करें।

उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में चिन्हित ब्लैक स्पाटों का पुलिस अधिकारी एवं एम.पी.आर.डी.सी. विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण करें और आवष्यकता के अनुसार चिन्हित ब्लैक स्पॉटो की स्थिति सुधारे, स?कों के किनारे संकेतक एवं सूचना बोर्ड लगाए। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वाहन मालिको के पास लाइसेंस अवश्य रहे, ओव्हर लोडिंग वाहनों पर कार्यवाही और मालवाहक वाहनों में यात्रियों का आवागमन न हो यह भी सुनिश्चित करें।



बैठक में कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग में यातायात जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें तथा वाहनों की संघन चेकिंग की जाए। उन्होंने कहा कि चेकिंग के दौरान लोगो को हेलमेट का उपयोग करने, चार पहिया वाहनों में सीटबेल्ट लगाने जैसे अन्य यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दे। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान वाहन फिटनेस, लाइसेंस आदि दस्तावेजों की जांच अवश्य करें।

कमिश्नर ने शहडोल नगर की सड़कों के बीच बने डिवाइडर पर लगे पेड़-पौधों की छटाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने पीओएस मशीन, इंटरसेप्टर व्हीकल, यातायात जागरूकता अभियान के तहत की गई कार्यवाही, हिट एंड रन के प्रकरणों में पीड़ितो के आर्थिक सहायता के संबंधी सहित अन्य किये गए कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियो को दिए। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक सविता सोहाने, कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र जैन, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, निवेदिता नायडु, मोती उर-रहमान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत परिवहन अधिकारी उपस्थित थे।